कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा/माध्य/मा–स/परीक्षा पे चर्चा/2022–23/ दिनांक : यथा ई–हस्ताक्षर

सम्बन्धित संयुक्त निदेशक,
स्कूल शिक्षा।

विषय :– **"परीक्षा पे चर्चा–2025"** कार्यक्रम के आयोजन के सम्बन्ध में।

प्रसंग :– संयुक्त शासन सचिव, प्रारम्भिक शिक्षा (आयोजना) विभाग, जयपुर का आदेश क्रमांक : F.23(01)ELE.EDU./PLAN/2021-00631 जयपुर, दिनांक : 16.12.2024

सन्दर्भ :– सचिव, उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली का अर्द्ध शासकीय पत्र क्रमांक : 2–5/2024 PPC Dated : 14th December, 2024

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक आदेश एवं सन्दर्भित पत्र के माध्यम से अवगत करवाया गया है कि पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी माननीय प्रधानमंत्री महोदय द्वारा जनवरी, 2025 में भारत मंडपम्, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में **"परीक्षा पे चर्चा–2025"** कार्यक्रम के सम्बन्ध में छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ संवाद (राष्ट्रव्यापी चर्चा) किया जायेगा। इसी क्रम में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों तथा अभिभावकों के लिए दिनांक : 14 दिसंबर, 2024 से 14 जनवरी, 2025 तक एक ऑनलाईन बहुविकल्पित प्रतियोगिता का आयोजित करते हुए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

प्रासंगिक आदेश एवं सन्दर्भित पत्र की प्रति संलग्न कर निर्देशित किया जाता है कि आप अपने क्षेत्राधिकार के समस्त राजकीय/गैर राजकीय विद्यालयों में अधिकाधिक विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का ऑनलाईन पंजीकरण करवाया जाना सुनिश्चित करावें। विद्यालय स्तरानुसार न्यूनतम पंजीकरण लक्ष्य प्रति विद्यालय निम्नानुसार रखा गया है :–

क.सं.	विद्यालय का स्तर	न्यूनतम पंजीकरण लक्ष्य
1.	माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक	100
2.	उच्च प्राथमिक	25

"परीक्षा पे चर्चा–2025" कार्यक्रम हेतु शिक्षकों का पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। अतः समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि वह अपने क्षेत्राधिकार के सभी शिक्षकों का ऑनलाइन पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करवाते हुए, विद्यार्थियों के प्रतिदिन होने वाले पंजीकरणों की प्रगति के संबंध में सूचना निम्न निर्धारित–प्रारूप में प्रतिदिन इस कार्यालय के ई–मेल आई.डी.– **massecondary@gmail.com** पर भिजवाया जाना सुनिश्चित करेंगे :–

जिले का नाम	कुल उच्च माध्यमिक/माध्यमिक विद्यालयों की संख्या		100 विद्यार्थियों के पंजीकरण का लक्ष्य पूर्ण करने वाले उच्च माध्यमिक/माध्यमिक विद्यालयों की संख्या		कुल उच्च प्राथमिक विद्यालयों की संख्या		25 विद्यार्थियों के पंजीकरण का लक्ष्य पूर्ण करने वाले उच्च प्राथमिक विद्यालयों की संख्या		आप द्वारा पंजीकरण बढाने के लिए किये गए प्रयासों का विवरण
	राजकीय	निजी	राजकीय	निजी	राजकीय	निजी	राजकीय	निजी	

Signature Not Verified
Digitally signed by Sita Ram Jat
Designation : Director
Date: 2024.12.21 17:05:54 IST
Reason: Approved

उल्लिखितानुसार आप अपने क्षेत्राधिकार में निर्देश जारी कर प्रदत्त निर्देशों की पालना सुनिश्चित करावें।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देवें।

संलग्न : यथोक्त।

(सीताराम जाट)
आई.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. विशिष्ट सहायक, कार्यालय–मंत्री, शिक्षा (विद्यालयी/संस्कृत) विभाग एवं पंचायती राज विभाग, जयपुर।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, जयपुर।
3. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् तथा परीक्षा पे चर्चा–2025 कार्यक्रम नोड्ल अधिकारी।
4. संयुक्त शासन सचिव, प्रारम्भिक शिक्षा (आयोजना) विभाग, जयपुर को उनके प्रासंगिक आदेश के क्रम में।
5. वरिष्ठ शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–5) विभाग, जयपुर (जरिये ई–मेल)।
6. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर (जरिये ई–मेल)।
7. निदेशक, आर.एस.सी.ई.आर.टी., उदयपुर (जरिये ई–मेल)।
8. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेब–साईट पर अपलोड करवाये जाने बाबत (जरिये ई–मेल)।
9. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा (जरिये ई–मेल)।
10. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा को जिला क्षेत्राधिकार में निर्देशों की पालना हेतु समुचित पर्यवेक्षण एवं प्रभावी प्रबोधन बाबत (जरिये ई–मेल)।
11. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक को पालनार्थ। (जरिये ई–मेल)।
12. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक सन्दर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा को पालनार्थ (जरिये ई–मेल)।
13. समस्त पीईईओ/यूसीईईओ।
14. समस्त संस्था–प्रधान सरकारी/गैर–सरकारी।
15. रक्षित पत्रावली।

निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

Signature Not Verified

Digitally signed by Sita Ram Jat
Designation : Director
Date: 2024.12.21 17:05:54 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 12583778